हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 जिला पंचायत सीईओ ने मैंसदेही क्षेत्र में विकास ...



08 महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति योजनाओं ...



'अनुभूति' एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा: मां दुर्गा की आराधना के साथ सजेगा पांचवां अध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

तीन रात भक्ति,16 अक्टूबर को 'अंगूरी भाभी' शुभांगी अत्रे की खास मौजूदगी

शारदीय नवरात्रि की पावन बेला में जब मां दुर्गा की आराधना के साथ हर ओर भक्ति और उत्सव का वातावरण दिखाई देता है, उसी उमंग को गरबा की पारंपरिक थाप और रंगों से सजाने के लिए हरिभूमि प्रस्तुत 'अनुभूति' एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। 14, 15 और 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, नर्मदापुरम रोड, इटारसी में आयोजित होने वाला यह तीन दिवसीय आयोजन केवल गरबा नहीं, बल्कि परंपरा, संस्कृति, परिवार और उत्सव की अनुभूति को एक साथ जीने का अवसर होगा।

जब भक्ति के सुरों पर थिरकेंगे कदम

नवरात्रि में गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि मां शक्ति की आराधना से जुड़ी एक जीवंत लोकपरंपरा है। इसी भावना को केंद्र में रखते हुए 'अनुभूति' में पारंपरिक गरबा के रंग, संगीत की मधुरता और परिवार के साथ उत्सव मनाने का माहौल देखने को मिलेगा। चार वर्षों में शहरवासियों से मिले स्नेह ने इस आयोजन को इटारसी के प्रमुख पारिवारिक आयोजनों में एक अलग पहचान दिलाई है।

16 अक्टूबर की शाम होगी खास



आयोजन की अंतिम शाम को मनोरंजन का विशेष रंग देखने को मिलेगा। 'भाबीजी घर पर हैं' फेम लोकप्रिय अभिनेत्री शुभांगी अत्रे, जिन्हें दर्शक उनके चर्चित किरदार 'अंगूरी भाभी' के नाम से जानते हैं, 16 अक्टूबर को सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में 'अनुभूति' में शामिल होंगी। उनकी मौजूदगी नवरात्रि की इस खास शाम को यादगार बनाने वाली होगी।In चार वर्षों की आस्था, अपनों का साथ और नवरात्रि की पवित्र उमंग—इन्हीं भावनाओं के साथ 'अनुभूति' अब अपने पांचवें अध्याय की ओर बढ़ रहा है। इस बार गरबा होगा, तो उसके साथ होगी भक्ति की भावना, संस्कृति की खुशबू और परिवार के साथ उत्सव मनाने की एक खूबसूरत अनुभूति।



डिजिटल टिकटिंग से प्रवेश होगा आसान

इस बार 'अनुभूति' में प्रवेश व्यवस्था को भी आधुनिक रूप दिया गया है। टिकट District App के माध्यम से ऑनलाइन बुक किए जा सकते हैं। बारकोड आधारित एंट्री सिस्टम के जरिए आयोजन स्थल पर प्रवेश प्रक्रिया को व्यवस्थित और सुगम बनाने की तैयारी है।

5 साल की यात्रा, अब उत्सव और भी भव्य

'अनुभूति' की चार वर्षों की यात्रा हजारों परिवारों की यादों से जुड़ी रही है। हर वर्ष बढ़ता उत्साह और लोगों की भागीदारी इस आयोजन की लोकप्रियता का प्रमाण बनी है। पांचवें वर्ष में आयोजन को और व्यवस्थित एवं भव्य स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है, जिसमें परिवारों के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था, वीआईपी एरिया, फूड कोर्ट, पार्किंग, मेडिकल सुविधा और सुरक्षा प्रबंध शामिल हैं।

'परिवारों के लिए सुरक्षित माहौल पर विशेष जोर

आयोजन की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में पारिवारिक गरिमा और सुरक्षा को रखा गया है। पूरे परिसर में सीसीटीवी निगरानी, व्यवस्थित एंट्री-एग्जिट, महिला एवं पुरुष सुरक्षा स्टाफ, वालंटियर्स और मेडिकल/फर्स्ट एड सुविधा उपलब्ध रहेगी। उद्देश्य यही है कि बच्चे, युवा, महिलाएं और परिवार बिना किसी चिंता के नवरात्रि की इन विशेष शामों का आनंद ले सकें। अपने पांचवे वर्ष में गरबा का आयोजन भव्य स्वरूप में होगा।

परंपरा को समृद्ध करने वाला

"नवरात्रि के पावन पर्व पर 'हरिभूमि अनुभूति एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा' का पांचवां आयोजन इटारसी की सांस्कृतिक परंपरा को और समृद्ध करने वाला है। मां जगदंबा की कृपा से यह आयोजन सफलता के नए आयाम स्थापित करे और शहरवासियों को परिवार के साथ आनंद एवं उत्सव के सुंदर अवसर प्रदान करे। समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।"



ईशान अग्रवाल, कॉलोनाइजर एवं समाजसेवी

सभी सदस्यों को बधाई

नवरात्रि के पावन अवसर पर 'हरिभूमि अनुभूति एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा' का पांचवें वर्ष में प्रवेश निश्चित रूप से गौरव का विषय है। इस वर्ष यह आयोजन हमारे प्रांगण में होना हर्ष का विषय है। यह आयोजन सफलता की नई ऊंचाइयों को छुए और इटारसी की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करे। आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



विवेक चांडक, युवा व्यवसाई, समाजसेवी एवं संचालक, द्वी पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट

आयोजन होगा यादगार

मां शक्ति की आराधना और गरबा की पारंपरिक धुनों से सजे 'अनुभूति' के पांचवें संस्करण के लिए हरिभूमि परिवार को हार्दिक बधाई। यह आयोजन इटारसी की एकता, संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का सुंदर उत्सव बने तथा तीनों शामें शहरवासियों के लिए यादगार रहें—इन्हीं मंगलकामनाओं के साथ।"



सत्यम अग्रवाल, युवा व्यवसाई एवं समाजसेवी

मां दुर्गा दें आशीर्वाद

"गरबा हमारी आस्था, संस्कृति और सामूहिक उल्लास का प्रतीक है। 'अनुभूति' ने पिछले वर्षों में इटारसी में इसी परंपरा को एक भव्य और पारिवारिक स्वरूप दिया है। पांचवें वर्ष का यह आयोजन और भी भव्य एवं सफल हो, मां दुर्गा सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। हरिभूमि परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।"



निपुण गोठी, युवा व्यवसाई, कॉलोनाइजर एवं समाजसेवी

4 वर्षों की शानदार परंपरा

चार वर्षों की शानदार परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'अनुभूति' का पांचवां अध्याय शुरू होने जा रहा है। भक्ति, संस्कृति और पारिवारिक उत्सव के इस सुंदर आयोजन के लिए हरिभूमि को साधुवाद। मां अम्बे की कृपा से आयोजन भव्य, सफल और मंगलमय हो तथा हर परिवार के लिए यह नवरात्रि खुशियों से भर जाए—हार्दिक शुभकामनाएं।"



शिरीष कोठारी, कॉलोनाइजर एवं समाजसेवी

प्रेम और उल्लास से हो परिपूर्ण

इटारसी की धरती पर नवरात्रि की पवित्र ऊर्जा और गरबा की रंगीन परंपरा को एक मंच पर लाने वाले 'अनुभूति' के पांचवें आयोजन के लिए हरिभूमि परिवार को बहुत-बहुत बधाई। मां जगदंबा की आराधना के साथ सजी ये तीनों शामें प्रेम, उल्लास और संस्कारों से परिपूर्ण हों तथा 'अनुभूति' निरंतर नई ऊंचाइयां प्राप्त करे—मंगलमय शुभकामनाएं।"



अजय तोमर, कॉलोनाइजर एवं समाजसेवी

मुस्कान के बच्चों के बीच पहुंचे सांसद, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी

सेवा संकल्प अभियान में बच्चों को मिले स्कूल बैग व उपहार, किया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सामाजिक न्याय विभाग एवं नगर पालिका परिषद इटारसी के 'सेवा संकल्प अभियान-2026' एवं 'सेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वार' के तहत जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मुस्कान संस्था पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत मुस्कान बालिका गृह की बालिकाओं के स्वागत गीत से हुई। अतिथियों के आगमन पर कुसुम मालपानी स्कूल की छात्राओं ने स्कूल बैंड की प्रस्तुति के साथ स्वागत किया, वहीं उम्मीद दिव्यांग केंद्र के सदस्यों ने भी अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने मुस्कान संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा, संरक्षण और बेहतर भविष्य के लिए सामाजिक सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया।

जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मुस्कान संस्था पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत मुस्कान बालिका गृह की बालिकाओं के स्वागत गीत से हुई।



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मुस्कान संस्था में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने संस्था के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया।

स्कूल बैग सहित अनेक उपहार दिए

जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बच्चों को स्कूल बैग सहित विभिन्न उपयोगी उपहार प्रदान किए तथा संस्था में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मुस्कान संस्था के कार्यों में निरंतर सहयोग देने वाले डॉ. रविंद्र गुप्ता, डॉ. अनुकृति मौलसरिया, रोहिणी मजूमदार, महेश चौकसे एवं गीतांजलि चौरसिया का सम्मान किया गया।

विधायक डॉ शर्मा ने की प्रशंसा

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने संस्था द्वारा लंबे समय से किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए बच्चों की शिक्षा, संरक्षण और पुनर्वास के क्षेत्र में सामाजिक संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वहीं एडीएम राजेश शुक्ला ने प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के समन्वय पर जोर देते हुए मुस्कान संस्था के प्रयासों की सराहना की।

यह रहे मौजूद

कार्यक्रम का संचालन सुनील बाजपेयी ने किया तथा स्वागत उद्बोधन अंशिका सिंह ने दिया। समापन पर मुस्कान संस्था के संचालक मनीष ठाकुर ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकीय टीम एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में इटारसी नपाध्यक्ष पंकज चौरे, नर्मदापुरम नपाध्यक्ष नीतू यादव, सामाजिक न्याय विभाग की डिप्टी कलेक्टर सीमा बडोले, भाजपा जिला महामंत्री ज्योति चौरे, मुकेश मीणा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी संजय जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

सांसद माया नारोलिया कार हादसे का शिकार डीएसपी की कार ने पीछे से मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सांसद माया नारोलिया की कार एक हादसे का शिकार हो गई। सांसद माया नारोलिया शनिवार को भोपाल आते समय सड़क हादसे में बाल-बाल बच गईं। हादसा रायसेन जिले के मंडीदीप क्षेत्र में खेड़ापति माता मंदिर के पास हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद माया नारोलिया का काफिला भोपाल की ओर जा रहा था। इसी दौरान उनकी कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगाया।



पीछे काफिले में चल रही डीएसपी की कार समय पर नहीं रुक सकी और सांसद की कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के कारण दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। लेकिन हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई सभी सुरक्षित रहे। राहत की बात यह रही कि हादसे में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, उनके स्टाफ तथा दोनों वाहनों में सवार किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद कुछ समय तक काफिला मौके पर रुका रहा, जिसके बाद सभी वाहन भोपाल के लिए रवाना हो गए।

'सरकार आपके द्वार' शिविर में 352 आवेदन हुए प्राप्त, 290 का मौके पर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाएं उनके गांव एवं वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 4 अक्टूबर को जिले में विभिन्न पंचायत एवं विकासखंड स्तर पर सेवा सेतु अभियान-'सरकार आपके द्वार' शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करने के साथ नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिला स्तरीय सेवा सेतु कार्यक्रम का आयोजन नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम



में किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, जनपद पंचायत नर्मदापुरम अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, जनप्रतिनिधि प्रीति शुक्ला, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा उपस्थित रहे।

संतोष यादव व विमला यादव की स्मृति में शांति धाम को 5 स्टील बेंच दान

इटारसी। समाजसेवी स्वर्गीय संतोष यादव एवं उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय मिला यादव की स्मृति में पितृ पक्ष की नवमी तिथि पर उनके परिवार द्वारा शांति धाम श्मशान घाट को पांच स्टील बेंच दान की गईं। परिवार ने यह सेवा कार्य पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार किया। इस अवसर पर शांति धाम श्मशान घाट जनभागीदारी समिति के कार्यकारी सदस्य प्रमोद पगारे एवं प्रबंधक घनश्याम तिवारी उपस्थित रहे। वहीं स्वर्गीय संतोष यादव के भाई रामावतार यादव, भैयालाल यादव, भतीजे राजकुमार यादव बड्डू एवं रंजीत यादव, पुत्र राहुल यादव एवं योगेश यादव तथा पोते आकाश यादव, जतिन यादव एवं पंकज यादव सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।



करियर के अवसरों पर कार्यशाला आयोजित की

नर्मदापुरम। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन के लिए 'सीए एक करियर विकल्प एवं वाणिज्य के अन्य क्षेत्र' विषय पर विशेष व्याख्यान एवं कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संजय चौधरी ने की। मुख्य वक्ता सीए रितु शर्मा ने विद्यार्थियों को सीए के विभिन्न चरणों, आर्टिकलशिप, कॉरपोरेट फाइनेंस, ऑडिटिंग एवं टैक्सेशन में करियर की संभावनाओं की जानकारी दी।



हेलमेट व सीटबेल्ट अभियान 4 दिन में किए 707 चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि को कम करने तथा वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा 10 दिवसीय हेलमेट एवं सीटबेल्ट अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रवर्तन कार्रवाई के साथ-साथ स्कूल-कॉलेजों एवं अन्य स्थानों पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। 1 अक्टूबर को अभियान के चौथे दिन जिलेभर में हेलमेट एवं सीटबेल्ट की सघन जांच की गई। हेलमेट धारण नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 167 चालान, 50,100 रुपए समन शुल्क।

सीटबेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध 38 चालान, 19,000 समन शुल्क



वसूला गया। इस प्रकार अभियान के अंतर्गत चौथे दिन कुल 205 चालान किए गए तथा 69,100 समन शुल्क अधिरोपित किया गया। लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई हेतु 33 प्रकरण पीओएस मशीन के माध्यम से तथा 10 प्रकरण पत्र के माध्यम से, कुल 43 प्रकरण आरटीओ को भेजे गए।

कायस्थ समाज का स्वच्छता अभियान जारी

चित्रगुप्त घाट पर से कचरा हटाया, दूसरों को प्रेरित करने का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं पुरुषों द्वारा स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाज के सदस्यों ने घाट परिसर एवं नर्मदा किनारे से कचरा, पॉलीथिन व अन्य गंदगी निकालकर डस्टबिन में डाली।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नर्मदा हमारी आस्था और जीवनदायिनी है, इसलिए इसकी स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। स्वच्छ घाट और स्वच्छ नर्मदा के लिए सभी को मिलकर निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रखर समाजसेवी एवं



सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी विजय वर्मा , सुनील राय , प्रोफेसर ईरा वर्मा प्रीती खरे,लालता प्रसाद, गुड्डू वर्मा, ऋषिकेश श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष अभय वर्मा, मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा, मंजुला वर्मा, मंजुला श्रीवास्तव, समाजसेवी सुमन वर्मा, रितु श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव, सी.बी. खरे, मनोज वर्मा, प्रदीप गुप्ता, केशव वर्मा, समाजसेवी एवं व्यापारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रितेश खंडेलवाल सहित अनेक समाज जन मौजूद थे। इस मौके पर विजय वर्मा ने कहा कि केवल अभियान चलाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाना होगा। नर्मदा किनारे कचरा न फेंकने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

शैलेंद्र बरुआ व संजय नगाइच का जोरदार स्वागत किया गया

इटारसी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय प्रभारी शैलेन्द्र बरुआ एवं मध्य प्रदेश वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष संजय नगाइच का सूरत प्रवास के दौरान इटारसी रेलवे स्टेशन पहुँचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया और शिष्टाचार मुलाकात की।

ट्रेन के इटारसी स्टेशन रुकते ही कार्यकर्ताओं ने दोनों वरिष्ठ नेताओं का फूल-मालाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच संगठनात्मक विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई, जिसमें संगठन को धरातल पर और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से संदेश पुरोहित, शैलेन्द्र दीक्षित, कुलदीप रावत, दीपक महालाह, गोलू मालवीय, राजा तिवारी, प्रकाश दुबे, धर्मेश सोलंकी, पारस अग्रवाल एवं दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खेलकूद, सामान्य ज्ञान व चित्रकला स्पर्धाएं आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अग्रवाल समाज की प्रतिनिधि संस्था तरुण अग्रवाल मंडल के तत्वावधान में आठ दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ रविवार को अग्रवाल भवन में हुआ। मुख्य अतिथि एसडीएम निलेश शर्मा ने समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ भगवान अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि महाराज अग्रसेन सर्वधर्म सद्भावना के सिद्धांतों पर चले और समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का संदेश दिया। पहले दिन सामान्य ज्ञान, स्मरण शक्ति, कुर्सी दौड़, हंडी फोड़, पासिंग द पार्सल, फुग्गा दौड़ एवं धीमी साइकिल रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें बच्चों, किशोरों, युवाओं एवं बड़ों ने उत्साह से भाग लिया।

खबर संक्षेप



पाथाखेड़ा में आयोजित हुआ मेगा शिविर

सारनी। सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वारा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा वार्ड 17 एक्यूप्रेशर पार्क परिसर में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया। शाम तक शिविर में 299 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वारा अभियान के तहत मेगा शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षद, दशरथ सिंह जाट, भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, प्रवीण सोनी, बेबी बिंझाड़े, योगेश बर्डे, एल्डरमैन रमेश पवार, संजीत चौधरी, कमलेश सिंह गोलू राजपूत समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, विद्युत वितरण कंपनी, सामाजिक न्याय विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों ने मौके पर आवेदनों के निराकरण किए। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग ने सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि सरकार सुशासन के तहत सरकार आपके द्वार जैसे अभियान चला रही है। उन्होंने कहा समाज के अंतिम वर्ग तक लाभ पहुंचाने के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इससे पूर्व सुबह शाहपुर एसडीएम प्रपंच आर. ने शिविर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों को बेहतर सेवाएं और समय पर हितलाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा 26 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित



बैतूल। रविवार को जिले के कुल 26 परीक्षा केंद्रों पर राष्ट्रीय मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में जिले के कुल 8,035 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 7,436 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 599 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में कुल 92.49 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा द्वारा परीक्षा की सतत मॉनिटरिंग की गई। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को अपने-अपने विकासखंड अंतर्गत सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने, परीक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों को कक्षा 8वीं में अध्ययनरत हरूरूस परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया था। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या अथवा असुविधा के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तर पर परीक्षा नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया था। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के समन्वित प्रयासों, अधिकारियों की सतत निगरानी तथा परीक्षा केंद्रों पर की गई समुचित व्यवस्थाओं के परिणामस्वरूप जिले के सभी 26 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

एक साल में लिए 1669 सैंपल, सिर्फ 500 की आई रिपोर्ट

सावधान: बाजार में बिक रहीं सतरंगी मिठाईयां, बिगाड़ सकती हैं सेहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

जिले की दस तहसीलों में करीब पांच हजार से ज्यादा मिठाई और फास्ट फूड की दुकानें हैं। अकेले बैतूल शहर में ही 200 से ज्यादा मिठाइयों और 500 से ज्यादा फास्ट फूड के स्टाल और दुकानें हैं। इनमें मिलावटी, बासी और दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री खुलेआम होती है। हालांकि जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिलावट के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाता है। सेम्पल लिये जाते है, लेकिन इनकी रिपोर्ट आने में लंबा समय लग जाता है। बीते एक साल में विभाग ने खाद्य पदार्थों के 1669 सैंपल जांच के लिए भोपाल स्थित प्रयोगशाला भेजे, लेकिन अब तक केवल 500 सैंपलों की रिपोर्ट ही मिल सकी है। इनमें 17 नमूने निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरे। यानी एक हजार से ज्यादा नमूनों की रिपोर्ट अभी भी लंबित है। खास बात यह है कि फेल नमूनों में दूध, दही, पनीर और मिठाई जैसे रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थ भी शामिल है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार सैंपल लेने के बाद उन्हें जांच के लिए रिपोर्ट के आधार पर खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप है या नहीं, इसका निर्धारण होता है। बता दे कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा लीगल और सर्विलेंस नमूने लिये जाते है। इन नमूनों की जांच के उपरांत प्रकरण दायर किये जाते है। यदि खाद्य सामग्रियों में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित पर जुर्माने की कार्रवाई या कारावास का प्रावधान है।

सिर्फ त्योहारी सीजन में अभियान तेज

आगामी समय त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में अधिकारियों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिलावट के खिलाफ अभियान तेज किया जायेगा। वैसे साल भर अभियान जारी रहता है, लेकिन त्योहारों के सीजन में अभियान तेज कर दिया जाता है, ताकि लोगों को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके और मिलावट पर पूर्णतयः रोक लग पाये। जांच अभियान के दौरान मिठाई, मावा, पनीर, दूध और अन्य खाद्य सामग्री के सैंपल लिए जाते हैं। जानकारों का कहना है कि खाद्य प्रतिष्ठानों, होटल-रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और बाजारों में नियमित जांच होने से ही कारोबारियों पर नियमों का पालन करने का दबाव बनेगा। त्योहारों के समय सैंपलिंग बढ़ाना जरूरी है, लेकिन सामान्य दिनों में निगरानी कमजोर पड़ने से व्यवस्था का उद्देश्य अधूरा रह जाता है।

जिले में अमले की भी बनी हुई है कमी

खाद्य सुरक्षा विभाग में अमले की कमी भी जांच व्यवस्था की बड़ी समस्या है। जिले में खाद्य अधिकारियों के कुल छह पद स्वीकृत हैं, जिनमें से तीन पद रिक्त बताए गए हैं। यानी स्वीकृत क्षमता का आधा अमला ही उपलब्ध है। अधिकारियों को हर महीने 25 सैंपल लेने का लक्ष्य दिया जाता है, लेकिन सीमित स्टाफ के कारण लक्ष्य पूरा करना भी चुनौती बन जाता है। विभाग के पास स्वयं का चौपहिया वाहन और नमूना सहायक तक नहीं है। इसलिए दूषित और मिलावटी खाद्य पदार्थों की नियमित जांच नहीं हो पा रही है। मावा, मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट हो रही है। मावे की मिठाइयों में निर्धारित मात्रा से ज्यादा कलर और केमिकल मिलाए जा रहे हैं। जिसका सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ता है।

मिठाइयों को आकर्षक रंग देने के लिए मिलते है केमिकलयुक्त रंग

दुकानदार मिठाइयों को आकर्षक दिखाने के लिए केमिकलयुक्त रंगों का उपयोग करते है। जिससे मिठाईयां तो आकर्षक दिखाई देने लगती है, लेकिन केमिकलयुक्त रंगों का लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ता है। जानकार बताते है कि कृत्रिम रंग पेट में जाकर एसिडिटी, उल्टी, और अपच जैसी समस्याएं पैदा कर सकते हैं। बच्चों में पेट दर्द और भूख कम लगना जैसी शिकायतें पैदा कर सकते है। मिठाइयों में इस्तेमाल किए जाने वाले अघुलनशील सिंथेटिक रंग लीवर में जमा होकर गंभीर स्थिति भी बना सकते है। रंगीन मिठाइयों में शुगर की मात्रा अत्यधिक होती है। नियमित सेवन से ब्लड शुगर लेवल बढना, मोटापा, और डायबिटीज जैसी बीमारियां हो सकती हैं। जानकारों का कहना है कि अनधिकृत या अत्यधिक मात्रा में कृत्रिम रंगों का सेवन करने से बचना चाहिए।

उपभोक्ता भी बरतें सावधानी

खाद्य पदार्थ खरीदते समय उपभोक्ताओं को भी सतर्क रहने की जरूरत है। पैकिंग, निर्माण और एक्सपायरी तारीख, लाइसेंस संबंधी जानकारी तथा पैकेट की सील की जांच करनी चाहिए। खुले में बिकने वाली सामग्री में स्वच्छता और गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी है। किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता संदिग्ध लगे तो खाद्य सुरक्षा विभाग को शिकायत की जा सकती है। खाद्य सुरक्षा का मकसद केवल सैंपल लेना नहीं, बल्कि समय रहते मिलावट पकडकर उपभोक्ताओं को सुरक्षित रखना भी है। लेकिन सेम्पलों की रिपोर्ट लंबे समय तक प्राप्त नहीं होने की वजह से विभाग भी कार्रवाही नहीं कर पाता है। तब तक अधिकांश खाद्य सामग्री मार्केट में खप जाती है। जानकारों का मानना है कि व्यवस्था यह होना चाहिए कि जिले से जितने सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे जाते हैं। उनकी जांच रिपोर्ट समय-सीमा में जिले को वापस मिलना चाहिए, ताकि रिपोर्ट के आधार पर अधिकारी से अभियोजन की स्वीकृति लेकर दोषी कारोबारियों पर प्रकरण सक्षम न्यायालय में लगाए जा सकें।

इनका कहना है -

सितंबर 2025 से सितंबर 2026 तक कुल 1669 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए गए हैं। इनमें से 17 सैंपल फेल हुए हैं, वहीं 9 प्रकरण कोर्ट में लगाए गए हैं। जो सैंपल फेल हुए हैं उनमें मिलावट नहीं होना पाया गया है, फैट की कमी के कारण नमूने फेल हुए हैं।

- संदीप पाटिल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी बैतूल

जिला पंचायत सीईओ ने भैंसदेही क्षेत्र में विकास कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गणेश जायसवाल ने जनपद पंचायत भैंसदेही क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत भैंसदेही के कार्यालय एवं ग्राम पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

जिला पंचायत सीईओ श्री जायसवाल ने ग्राम बालनेर की ग्राम पंचायत विजयग्राम में स्टॉप डेम में कड़ी शटर लगाने के कार्य का निरीक्षण किया। इसके पश्चात ग्राम बोथिया में स्टॉप डेम कड़ी शटर कार्य एवं बोरी बंधान कार्य का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्य की प्रगति तथा गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। सीईओ श्री जायसवाल ने ग्राम पंचायत झल्लार में बोरी बंधान कार्य का भी निरीक्षण किया। साथ ही झल्लार में डैम में कड़ी शटर लगाने के कार्य का अवलोकन कर कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

ताश के पत्तों पर जुआ खेलते 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

आठनेर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर सार्वजनिक स्थानों पर ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से कुल 5,670 रुपये नगद एवं ताश के पत्ते बरामद किए गए। 2 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर आठनेर पुलिस टीम ने ग्राम सातनेर स्थित माता मंदिर के पास दबिश दी गई। मौके पर सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे देवीदास पिता चेतराम नागले, निवासी सातनेर, तामूसिंह चौहान पिता प्रीतम सिंह चौहान, निवासी सातनेर और उमेश पिता गोकुल राठौर, निवासी सातनेर को पकड़ा। वहीं दूसरी कार्रवाही 3 अक्टूबर को गश्त के दौरान की गई।

सेवा सेतु अभियान के तहत सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित

विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध

विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने अधिकारियों को दिए समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



आम नागरिकों को शासन की जनहितकारी एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके घर के नजदीक उपलब्ध कराने तथा विभिन्न शासकीय विभागों की सेवाओं को सरल एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा ह्यसेवा सेतु अभियान—सरकार आपके द्वारह्न कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत रविवार को मुलताई तहसील कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मां ताप्ती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा शासन की योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का उद्देश्य ग्रामीण, श्रमिक, महिलाएं तथा वंचित वर्ग के लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। इसी उद्देश्य से विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से जोडऩे के साथ-साथ उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जा सकता है। विधायक ने शिविर में मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। शिविर में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए नागरिकों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं और विभागीय सेवाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू पहलाद परमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, सेवा सेतु अभियान प्रभारी वर्षा गढ़ेकर, रितेश विश्वकर्मा, महेंद्र जैन, शिल्पा शर्मा, सुरेश पौनिकर, नगर पालिका एल्डरमैन निलेश चावरिया, बीना पंजाबी, श्यामू ढोमने, राजू चौबे एवं प्रीतम सिंह सिसोदिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार संजय बरैया, नगर पालिका सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, उपयंत्री महेश शर्मा सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया।

पंडित सुनील श्यामानंद महाराज के श्रीमुख से होगी श्राद्ध महिमा की अमृत वर्षा

मां नर्मदा के तट पर पहली बार होगा सामूहिक तर्पण व श्राद्ध दर्शन कथा का विशाल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।





पितृपक्ष के पावन अवसर पर मां नर्मदा के पावन तट पर पहली बार एक भव्य एवं ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होने जा रहा है। भारत के प्रतिष्ठित पांचवें धाम, श्री रुक्मिणी बालाजीपुरम (बैतूल) के तत्वावधान में आगामी 5 अक्टूबर 2026, सोमवार को सिवनी मालवा स्थित आंवली घाट पर विशाल सामूहिक तर्पण, वैदिक हवन एवं पितृ दर्शन कथा का आयोजन किया जाएगा। इस पावन अवसर पर विख्यात कथा व्यास पंडित सुनील श्यामानंदजी महाराज के श्रीमुख से श्रद्धालु पितृ शांति, तर्पण के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक महत्व पर आधारित पितृ दर्शन अमृत कथा का श्रवण करेंगे। आयोजन समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, 5 अक्टूबर को सुबह 11बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक तर्पण, विशेष हवन एवं कथा प्रारंभ होगी। इसके पश्चात दोपहर 12.30 बजे से विशाल सामूहिक भंडारे (प्रसादी) का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं पितृ भक्तों से अपील की है कि वे व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु सुबह 10.00 बजे से पूर्व आंवली घाट पहुंचकर अपना निःशुल्क पंजीयन करवा लेंवे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन एवं मोबाइल पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से इस अलौकिक आयोजन में सम्मिलित होकर पितरों की शांति व मोक्ष हेतु पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

शिविर में 971 रजिस्ट्रेशन, 550 हितग्राहियों को मौके पर मिला लाभ व निराकरण

सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में मेगा सेवा शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।



राज्य शासन के निर्देशानुसार आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ उनके निकटतम स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 04 अक्टूबर को जिले के सभी नगरीय निकायों में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार के अंतर्गत शिविर आयोजित किए गए। बैतूल के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेगा सेवा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों के लिए आवश्यक रजिस्ट्रेशन किए गए। शिविर में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वित्त विभाग, श्रम विभाग, कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, ऊर्जा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित कुल 971 रजिस्ट्रेशन किए गए, जिनमें से 550 हितग्राहियों को मौके पर ही निराकरण कर लाभान्वित किया गया। शेष रजिस्ट्रेशन का संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार परीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इस मेगा सेवा शिविर में जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, नगर पालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर, पार्षदगण, सभापतिगण, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी डॉ. अभिजीत सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे, एवं तहसीलदार श्रीमती पूनम साहू सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सेवा सेतु अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं का लाभ सहज एवं सरल रूप से उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों की समस्याओं एवं रजिस्ट्रेशन का नियमानुसार समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है।

सेवा सेतु अभियान में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ



भौरा। जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी के तत्वावधान में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। साथ ही कई हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया गया।सेवा सेतु अभियान के तहत आयोजित शिविर में आयुष्मान कार्ड, लाडली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, किसान सम्मान निधि, संबल योजना सहित शासन की विभिन्न महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज एवं स्वीकृति-पत्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े।कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने शासन की योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने और ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय सेवाओं को सहज एवं सुलभ बनाने पर जोर दिया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं हितग्राही पहुंचे और अपनी आवश्यकताओं एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव रामजीलाल उईके, मध्यप्रदेश जनजातीय आयोग सदस्य मंगल सिंह धुर्वे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रशांत गवांडे, घोड़ाडोंगरी मंडल अध्यक्ष राजेश महतो, बगडोना मंडल अध्यक्ष दीपक पटेल, जनजाति भाजपा नेता दीपक उईके, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश महतो, मारुति लाल सोनारे, मंडल महामंत्री नारायण मालवीय, नरेंद्र उईके सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

बिजली कटौती को लेकर नागरिकों का चक्काजाम

पिपरिया। मध्यप्रदेश राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक कार्यपालन यंत्री जूनियर इंजीनियर आदि अनेक तरह से जनता को परेशान किया जा रहा है। मनमाने ढंग से कटौती की जा रही है। जिससे परेशान होकर पिपरिया पचमढ़ी रोड स्थित डोकरी खेड़ा बिजली सब स्टेशन के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम किया गया। किसानों ने चक्का जाम कर शासन प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी वर्ग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लगातार बिजली विभाग द्वारा परेशान किया जा रहा है। जिसके कारण किसानों को फसल में लगातार परेशान होना पड़ रहा है। जंगली जानवर अलग-अलग विचरण कर रहे हैं। बिजली कटौती की सूचना किसानों को देने की बात कही। चक्का जाम की सूचना पर तहसीलदार वैभव बैरागी स्टेशन रोड थाने के प्रभारी महेंद्र सिंह बघेल मौके पर जाकर कार्यपालन यंत्री जूनियर इंजीनियर से चर्चा की गई। आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन



पचमढ़ी। स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा अटल वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। साथ ही, सभी उपस्थितजनों ने स्वच्छता की शपथ लेकर पचमढ़ी को स्वच्छ, सुंदर एवं हरित बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर अरुण एम. कुलकर्णी अध्यक्ष छावनी परिषद पचमढ़ी, राहुल कुमार यादव मुख्य अधिशासी अधिकारी, छावनी परिषद पचमढ़ी श्री संजय लेडवानी, नामित सदस्य, छावनी परिषद पचमढ़ी सहित परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षदगण उपस्थित रहे।

सेवा सेतु अभियान अंतर्गत शिविर का हुआ आयोजन, जनप्रतिनिधि हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



नगरीय क्षेत्र माखन नगर में बस स्टैंड परिसर में सेवा सेतु अभियान अंतर्गत "सरकार आपके द्वारा अभियान"4 अक्टूबर 2026 को शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों के लोगों को समस्याओं के आवेदन एवं उनका समाधान शिविर स्थल पर ही किया गया। इस बार शिविरों में नागरिकों के नामांतरण, बंटवारा, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रमाण पत्र, विद्युत समस्या, सफाई समस्या ऑन-द-स्पॉट निराकरण के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए , जहाँ नागरिक सब्सिडी व सोलर पैनल लगवाने की प्रक्रिया से लोगों को अवगत कराया गया। नगर परिषद के विभिन्न वार्डों को कवर करते हुए बस स्टैंड पर आयोजित शिविर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर का संचालन किया गया । इस अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक ठा विजयपाल सिंह , नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रीना आकाश तिवारी तहसीलदार सुनीता साहनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीएस राजपूत सहित जनप्रतिनिधि, हितग्राही सहित राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, व नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत खापरखेड़ा में शिविर आयोजित किया गया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खापरखेड़ा में खंड स्तरीय सेवा सेतू शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल पवन वालिया विधानसभा प्रभारी पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय जनपद पंचायत अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी सरपंच सुलभ गोदानी सचिव प्रदीप पांडे रोजगार सहायक पुरषोत्तम रघुवंशी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति के साथ सभी शासकीय विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी। शिविर के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीण एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों की समस्या को सुना गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं हितग्राहियों की उपस्थिति रही। सेवा संकल्प अभियान के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। किसी को राहत राशि के चैक वितरित किए गये।तो किसी को लाभान्वित योजना के प्रमाण पत्र अतिथियों ने प्रदान किए गए। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा सीधे तौर पर जनता से संवाद स्थापित किया गया। अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने अपने विभाग से संबंधित मामले में निराकरण किया गया। कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2026 प्रारंभ, गतिविधियां संचालित कर रहे

एसटीआर क्षेत्र में जारी वन्यप्राणी संरक्षण हेतु जागरूकता गतिविधियां

वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2026 के अंतर्गत सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम द्वारा वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह 2026 के अंतर्गत सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम-द्वारा वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता बढ़ाने कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

रायपुर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में वन्यप्राणी एवं पर्यावरण विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सहित अन्य राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्यप्राणी संरक्षण से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में लगभग 120 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने वन व वन्यप्राणी सुरक्षा, पर्यावरण एवं पौधरोपण के महत्व पर चर्चा की। समापन पर रिजर्व ने शिक्षकों को सहयोग एवं सहभागिता के लिए स्मृति चिह्न प्रदान किए।

बड़चापड़ा में जागरूकता चौपाल

वन परिक्षेत्र चूरना टीम ने ग्राम बड़चापड़ा में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ जागरूकता चौपाल आयोजित की। जिसमें वन्यप्राणी संरक्षण में समुदाय की भूमिका, महिलाओं की सहभागिता तथा वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को प्रवेश, कटाई, चराई, मत्स्याखेट एवं शिकार संबंधी अवैध गतिविधियों के दुष्प्रभावों व कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। मानव व वन्यप्राणी द्वंद्व की रोकथाम में स्थानीय समुदाय की भूमिका तथा वन अपराध या संदिग्ध गतिविधि की सूचना विभाग को देने के महत्व पर भी चर्चा की गई।

बागड़ा बफर में 'सतपुड़ा साथी' बन जुड़े किसान

बागड़ा बफर परिक्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक भवन छेड़का में छेड़का, सियारखेड़ा, टेकापार एवं कामती के किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें एडी सोहागपुर ने वन क्षेत्रों से लगे खेतों में विद्युत तार नहीं लगाने, वन्यप्राणी दिखने पर तत्काल सूचना देने तथा किसी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना वन विभाग को देने सहित विभिन्न विषयों पर किसानों से विस्तृत चर्चा की गई। वहीं इस बात पर जोर दिया गया कि वन्यप्राणी संरक्षण में समाज के प्रत्येक वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसानों को 'सतपुड़ा साथी' के रूप में वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए जोड़ा गया। कार्यक्रम में लगभग 70 महिला एवं पुरुष किसानों ने सहभागिता की।

अपील की

एसटीआर प्रबंधन ने आमजनों से अपील की है कि वे वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। साथ ही कहा है कि वन में अवैध गतिविधि समझ आने, संदिग्ध व्यक्ति के दिखने अथवा वन्यप्राणी से संबंधित कोई भी सूचना तत्काल वन अधिकारी एवं कर्मचारी को उपलब्ध कराएं।

स्टेट हाईवे पर गाड़ी पार्क कर गायब हो जाते हैं वाहन चालक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में पलकमती नदी के पुल की सड़क तथा बाजार के बीच स्थित स्टेट हाईवे अवैध पार्किंग के अड्डे बन गए हैं। जहां लोग अपने चौपाहिया वाहन पार्क कर बाजार घूमने चले जाते हैं और फिर जाम लगता है। गत शाम भी यही स्थिति बनी।

जब दो चालक अपनी कारें हाईवे पर पार्क कर कहीं चले गए। इस दौरान देर तक जाम लगने तथा यातायात बाधा की स्थिति बनती रही। शाम के समय वैसे भी जनता की बाजार में आवाजाही अधिक रहती है। जाम के चलते नागरिकों सहित वाहनों में बैठे यात्री भी परेशान हुए। इस स्थिति पर नागरिक नाराज हैं कि पुलिस सड़क पर वाहनों की अवैध पार्किंग नहीं रोक पा रही है। ना ही बाजार बीट निर्धारित पुलिसकर्मी मौके पर उपस्थित रहते हैं।

सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते खिताब



पिपरिया। सांदीपनि विद्यालय के 16 विद्यार्थियों ने वाल रंग में प्रतियोगिता में भाग लिया।11 विधाओं में जीत हासिल हुई। प्राचार्य संजीव दुबे ने बताया कि संभाग में खेलेंगे। जिला स्तर पर बाल रंग प्रतियोगिता में साहित्यिक, संस्कृति, एवं योग कि विधाओं में विद्यालय के 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया गया। जिसमें हिंदी निबंध लेखन व तात्कालिक भाषण में कनिष्ठ वर्ग में खूशबू महलवंशी की निजी रचना काव्य पाठ में माही रघुवंशी पाठ्य पुस्तक आधारित काव्य पाठ में हेमा पटेल,वाद विवाद के पक्ष में नीलेश मालवीय प्रश्न मंच में लोकेश मेहरा तनिष ठाकुर सुलेख में पलक साहु संस्कृति विधाओं में वेद पाठ में नैतिक दीक्षित कार्तिक बोहरे संस्कृत में समर्थ चतुर्वेदी सहित अन्य सभी कार्यक्रमों में सहभागी बने प्रभारी मेघा वर्मा ज्योति बुधौलिया सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सबको बधाई शुभकामनाएं दीं।

पुलिस ने कार्रवाई कर महिला और 3 बच्चों को किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



सूचना प्राप्त हुई कि शांतिनगर निवासी धनराज पारदी की पत्नी केशूबाई पारिवारिक बातों से नाराज होकर घर से कहीं चली गई है। उसके साथ उसके दो बच्चे 5 वर्ष एवं 7 वर्ष तथा उसके भाई की बेटी उम्र 11 वर्ष भी थे।महिला और तीन मासूम बच्चों के लापता होने की सूचना मिलते ही थाना देहात पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। निरीक्षक उषा मरावी ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए तत्काल एक टीम का गठन किया। साइबर सेल और सीसीटीवी कैमरों की मदद से सघन खोजबीन शुरू की गई। पुलिस टीम की तत्परता और सटीक दिशा में की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप, मात्र 2 घंटे के भीतर महिला और तीनों बच्चों को इटारसी रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। इस त्वरित और सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी निरीक्षक उषा मरावी के साथ एएसआई दीपक पाराशर और राजेश जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

एक सदी से जारी श्री रामलीला का मंचनः विधायक निधि से निर्मित गांधी चौक के मंच का लोकार्पण कल किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा रामलीला मंचन के पूर्व स्थानीय काली मंदिर में पात्र प्रशिक्षण को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सोहागपुर में श्री रामलीला मंचन को 100 वर्ष से अधिक समय हो चुका है।

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि वर्ष 2026 के मंचन के पूर्व सभी तैयारियां जोरों पर हैं एवं पात्र प्रशिक्षण दौरान शनिवार रात धनुष यज्ञ प्रसंग का पात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मुख्यतः लंकापति रावण-बाणासुर संवाद तथा लक्ष्मण-परशुराम संवाद का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही भगवान के स्वरुपों को संवाद अभ्यास कराया गया। समिति सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि छह अक्टूबर की रात श्री गणेश पूजन आयोजन होगा। उसके पूर्व नगर परिषद सोहागपुर द्वारा स्थानीय गांधी चौक पर रामलीला मंच का लोकार्पण विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों व पात्रों की उपस्थिति में संपन्न होगा। तत्काल बाद ही मंच साज सज्जा की तैयारियां पूर्ण कर नौ अक्टूबर से रामलीला मंचन शुरू किया जाएगा।

एक सदी का इतिहास

बताया जाता है कि सोहागपुर में श्री रामलीला मंचन का इतिहास 100 वर्ष से अधिक पुराना है। सोहागपुर में श्री रामलीला मंचन का इतिहास एक सदी पूर्ण कर चुका है। श्री रामलीला मंचन से जुड़े नागरिक बताते हैं कि कई परिवारों में एक से अधिक पीढ़ियों ने मंचन में पात्र निभाए हैं। इस वर्ष वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में स्थानीय काली मंदिर परिसर में पात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री रामनाट्य समिति सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि विजयादशमी के बाद श्रीराम राज्याभिषेक एवं पात्र सम्मान समारोह से इस वर्ष के मंचन का विराम होगा।

वरिष्ठजनों के सम्मान में सजा सुरीला नर्मदापुरम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस के अवसर पर रविवार को नेहरू पार्क में आयोजित 'सुरीला नर्मदापुरम' के साप्ताहिक संगीत कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के सम्मान में विशेष आयोजन किया गया। नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के 100 से अधिक वरिष्ठजनों का तिलक लगाकर, अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और उनके अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत सहित नर्मदापुर युवा मंडल एवं सुरीला नर्मदापुरम के सदस्यों ने वरिष्ठजनों का सम्मान किया।

शिकारपुर में सेवा पखवाड़ा के तहत पोषण अभियान आयोजित

बच्चों को वितरित किए चिया सीड्स, गुड़ और चने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



माय भारत केंद्र सीहोर द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र शिकारपुर में पोषण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को चिया सीड्स, गुड़ एवं चने का वितरण किया गया तथा इनके पोषण संबंधी लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम माय भारत केंद्र की जिला युवा अधिकारी प्रशंका जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। माय भारत स्वयंसेवक पूजा सेन ने उपस्थित बच्चों एवं ग्रामीणजनों को चिया सीड्स, गुड़ एवं चने के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी फायदे बताए। साथ ही बच्चों एवं माताओं के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच सचिन पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता सेन, सचिव जयपाल विश्वकर्मा ,नरेश पटेल ,सचिन वर्मा सहित अनेक गर्भवती एवं धात्री महिलाएं, बच्चे एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पूजा सेन द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित ग्रामीणजनों का आभार व्यक्त किया गया।

वार्ड पांच की आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



वार्ड 5 के केन्द्र 8 राजा बाग में पौषण पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में वार्ड की महिलाओं, बच्चों व हितग्राहियों को आमंत्रित किया गया। इस मौके पर नगर मंडल उपाध्यक्ष, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लखन चौरसिया लखन चौरसिया उपस्थित रहे। लाडली लक्ष्मी योजना के हितग्राही को पीएमएमवीवाय योजना, आयुष्मान योजना आदि के हितग्राहियों को बुलवाकर श्री चौरसिया द्वारा पोषण पखवाड़े के अंतर्गत आयोजन में योजनाओं के लाभों के बारे में बताया गया। इस आयोजन में केन्द्र की कार्यकर्ता हेमा उपाध्याय, प्रेमबाला शर्मा, सहायिका आरती मेवाड़ा, पार्वती गहलोत, लाभार्थी पूजा जाट, लाड़ली बहना हितग्राही आरती, पीएमपीबीवाय लाभार्थी पूजा सहरिया के साथ ही अन्य हितग्राही भी उपस्थित हुये। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री गर्भावस्था योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, आदि जो प्रदेश के मुख्यमंत्री के माध्यम से संचालित हो रही है। इन योजनाओं के बारे में बताया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं ने उपस्थित होकर उत्साह पूर्वक भाग लिया। केन्द्र पर हितग्राही पूजा सेहरिया गर्भवती की गोद भराई की गयी। जिसमें गर्भवती को सामग्री भेंट की गयी। लखन चौरसिया द्वारा कार्यक्रम में योजनामों के लाभ के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में बीमा सलाहकार दिनेश उपाध्याय का सहयोग भी अग्रणीय रहा।

खबर संक्षेप



गांधी जयंती पर लायंस क्लब ने सफाई अभियान चलाया

खरगोन। प्रदूषण का मतलब सिर्फ खराब हवा या दूषित पानी ही नहीं, बल्कि हमारे आसपास फैली हर वह गंदगी है जिसे हम अपनी दिनचर्या में अनजाने में फैलाते हैं। इसी सोच को साकार करने और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्वच्छ भारत की नींव को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 2 अक्टूबर, गांधी जयंती के अवसर पर लायंस क्लब खरगोन निमाड़ द्वारा सेवा कार्यों का शुभारंभ किया गया। क्लब के सदस्यों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर 'लायंस इंटरनेशनल 3233 जी 1' के सेवा सप्ताह का विधिवत आगाज किया। समारोह के उपरांत लायंस सदस्यों ने स्थानीय स्वच्छता दूतों (सफाई कर्मियों) के साथ मिलकर सार्वजनिक मार्गों की सफाई में बढ़-चढ़कर श्रमदान किया। स्वच्छता दूतों स्मृति स्वरूप उपहार भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस स्वच्छता अभियान व सेवा कार्यक्रम में लायंस क्लब खरगोन निमाड़ के अध्यक्ष देवेंद्र सैनी, सचिव अक्षय बिल्लौरे, कोषाध्यक्ष वैभव मुछाल, वरिष्ठ लायन विजय मोरे उपस्थित रहे ।

मतों का सारणीकरण और परिणाम की घोषणा आज

हरदा। पंचायत उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) के तहत जिला पंचायत सदस्य पद हेतु मतों का सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 5 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे जिला मुख्यालय पर शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज हरदा में की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने आदेश जारी कर प्ररूप-19 भाग-तीन, जिला स्तरीय प्ररूप-23, प्ररूप-25 प्रमाण पत्र एवं प्ररूप-26 ग की अधिसूचना तैयार करने हेतु जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय हरदा के सहायक सांख्यिकी अधिकारी लक्ष्मी पन्नाम, शिक्षा विभाग हरदा के उ.मा. शिक्षक नितिन सोनी, तहसील कार्यालय हरदा के सहा. ग्रेड-2 उमराव सिंह हरियाले, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय हरदा के सहा. ई-गवर्नेंस प्रबंधक अनुराग चौरसिया तथा जिला पंचायत कार्यालय हरदा के डाटा एंट्री ऑपरेटर हरिओम गौर की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक हरदा को सुरक्षा व्यवस्था, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा को 2 कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं इंटरनेट की व्यवस्था तथा प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज को टेबल-कुर्सी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कल लगेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

हरदा। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर जनसेवा के संकल्प के साथ हरदा जिला अस्पताल में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 6 अक्टूबर दिन मंगलवार को किया जा रहा है। यह शिविर खिलता कमल जनकल्याण सामाजिक सेवा संस्थान के सौजन्य एवं आरपी फाउंडेशन के सहयोग से लगाया जाएगा। भाजपा सोशल मीडिया हरदा विधानसभा सह संयोजक आशुतोष पाराशर ने बताया कि यह शिविर प्रसिद्ध अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग तथा वैद्य एवं नाड़ी विशेषज्ञ गुरुजी प्रकाश टाटा जी के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। शिविर में अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी। शिविर में आने वाले मरीजों को उच्च स्तरीय आधुनिक मशीनों द्वारा स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श, निशुल्क चिकित्सा जांच और निशुल्क औषधि वितरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगेगा। इस जनसेवा शिविर का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। आयोजन समिति ने जिले के लोगों से अपील की है कि शिविर का लाभ उठाएं ।

मगरधा में जन विश्वास एवं सेवा सेतु अभियान के शिविर आयोजित

सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य योजनाओं व सेवाओं का समय पर लाभ पहुंचाना: उइके

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से एक माह तक सेवा संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत जनविश्वास कार्यक्रम एवं सेवा सेतु अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य आमजन को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं का समय पर लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ-साथ योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलाव को भी रेखांकित किया जा रहा है।

सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ पारदर्शिता के साथ पात्र हितग्राही तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिन पात्र हितग्राहियों को अभी तक योजनाओं का लाभ नहीं मिला है, वे इन शिविरों में पहुंचकर अपनी पात्रता के अनुसार लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ने भी संबोधित किया। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि सरकार द्वारा संचालित इन अभियानों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा पात्र हितग्राही योजनाओं एवं विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ लेकर विकास की मुख्यधारा से जुड़ें। कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव, जनप्रतिनिधि ज्योति मुड़िया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में कुल 278 आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविरों में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन स्थल पर लाल चंदन का पौधा भी रोपा।

वृद्धजनों के तेजोवलय में समय बिताना सौभाग्य की बात



मंत्री उइके ने कहा कि वृद्धजनों के तेजोवलय के बीच समय बिताना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वृद्धजनों की तकलीफों को समझना, उनकी परेशानियों का समाधान करना तथा उन्हें सम्मानपूर्ण जीवन उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है। उइके रविवार को स्थानीय वृद्धाश्रम में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित वृद्धजन सम्मान एवं सेवा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने वृद्धजनों का फूलमालाओं से सम्मान किया तथा उन्हें मिठाई खिलाई। साथ ही फल, आवश्यक उपकरण एवं दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की। श्री उइके ने वृद्धाश्रम की आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए यहां सौर ऊर्जा सिस्टम लगवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सेवा केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बुजुर्गों का अनुभव और आशीर्वाद समाज के लिए अमूल्य धरोहर है।

सेवा संकल्प अभियान में शिविर लगा

महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शासकीय महाविद्यालय कसरावद में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पंजीयन एवं नामांकन संबंधी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। महाविद्यालय की छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी डॉ. रश्मि चौहान द्वारा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। शिविर में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, गाँव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना सहित विद्यार्थियों को पात्रतानुसार प्रदान की जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को ऑनलाइन पंजीयन, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया तथा छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाएँ विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करती हैं। आर्थिक कारणों से किसी विद्यार्थी की शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से इन योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों को विकसित करने प्रयास करने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ विजय सिंह मंडलोई ने शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं की मदद को सराहनीय बताया।

विद्यार्थियों ने अनाथालय व वृद्धाश्रम का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड हरदा के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत अनाथालय एवं वृद्धाश्रम का भ्रमण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अनाथालय में रह रहे बच्चों से आत्मीय मुलाकात कर उनके साथ समय बिताया और उनके अनुभव साझा किए। छात्र-छात्राओं ने बच्चों को फल वितरित किए तथा उनके सर्वांगीण विकास एवं आवश्यक सहयोग के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया। विभाग के जिला समन्वयक संदीप गौहर ने कहा कि शासन द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं आश्रित वर्गों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ ऐसे आश्रित बच्चों की सेवा और सहयोग के लिए हम सदैव तत्पर हैं। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों से आत्मीय भेंट की। विद्यार्थियों ने उनके साथ बातचीत कर उनका हालचाल जाना और अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान बुजुर्गों को फल वितरित कर उन्हें हरसंभव सहयोग एवं मदद का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने सेवा, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। परामर्शदाता दीनबंधु गौर, सुरेंद्र चौहान, राधेश्याम विश्वकर्मा, पीहू गाठिया, नितिन धनगर आदि मौजूद रहे।

बाल स्वास्थ्य पर चर्चा, महिलाओं को पोषण के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्र सिंधखेड़ा, रहटगांव एवं झड़बीड़ा में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस बाल स्वास्थ्य को लेकर चर्चा की गई। साथ ही महिला संवाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही एनीमिया, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम में महिलाओं को बताया गया कि दैनिक आहार में हरी सब्जियां, दालें, मौसमी फल, दूध एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करना स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। विशेष रूप से किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को एनीमिया से बचाव के लिए पोषणयुक्त भोजन लेने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान मौजूद महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। स्वास्थ्य संबंधी समस्या पाए जाने पर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक करना, उन्हें सही खान-पान की जानकारी देना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी, ग्राम की किशोरी बालिकाएं एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

नशामुक्ति रथ व नुक्कड़ नाटक दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर नशामुक्ति अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री मिलिंद कुमार नागदेवे की उपस्थित में अधिकारी-कर्मचारियों एवं उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन में जागरूकता लाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नशामुक्ति रथ एवं नुक्कड़ नाटक दल को हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया गया।

जैन महिला परिषद का व्यंजन मेला में स्वाद, खरीदारी का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।



जैन महिला परिषद के तत्वावधान में रविवार को जैन धर्मशाला में आयोजित व्यंजन मेला उत्साह, उमंग और मनोरंजन से सराबोर रहा। शाम 3:30 बजे से शुरू हुए मेले में बड़ी संख्या में समाजजनों ने पहुंचकर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। आयोजन में खाद्य स्टॉल के साथ गेम, ज्वेलरी, डिजाइनर दीये एवं कपड़ों के स्टॉल भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे।

मेले में सार्थक रापरिया द्वारा मंगोडे, क्रिस्पी कॉर्न और फ्लेवर शेक के स्टॉल पर विशेष भीड़ देखने को मिली। वहीं अभय बड़जात्या के बर्फ के गोले, शीला रापरिया की कटोरी चाट व भेल, प्रज्ञा बजाज एवं ग्रंथ जैन के होममेड कपकेक, जैनम दिव्य घोष की साबूदाना खिचड़ी व फाफड़ा, लालू भैया फणीश की आइसक्रीम, पूजा लहरी के खमण और भावना बजाज की मावा कुल्फी ने लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। इसके अलावा प्रज्ञा अजमेरा के दाल पकवान, फूड कस्टर्ड व कचोरी तथा शिल्पी बजाज के इडली-सांभर और आलोक जी बड़जात्या की पानी पूरी का भी लोगों ने जमकर स्वाद लिया। मेले में लगाए गए विभिन्न गेम स्टॉल बच्चों और युवाओं के लिए विशेष आकर्षण रहे। हार्दिक ग्रेवेयक, अक्ष बड़जात्या, ऋषित बजाज, गर्व कठनेरा, तनिष्क बड़जात्या, चर्चित गंगवाल एवं ग्रंथ जैन द्वारा लगाए गए गेम स्टॉल पर प्रतिभागियों में खासा उत्साह नजर आया। बच्चों ने खेलों में भाग लेकर मनोरंजन के साथ मेले का भरपूर आनंद लिया। मेले में खरीदारी के लिए भी आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे। साधना बड़जात्या के ज्वेलरी एवं मल्टीपर्पज आइटम, कुमकुम सिंघई के ज्वेलरी स्टॉल, पर्व रापरिया के डिजाइनर दीये तथा छवी सिंघई के सूट स्टॉल पर महिलाओं ने खरीदारी में रुचि दिखाई। पूरे आयोजन के दौरान जैन धर्मशाला का परिसर उत्साह और चहल-पहल से भरा रहा। परिवारों ने साथ पहुंचकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेने के साथ गेम्स खेले और खरीदारी भी की।

प्रयास की सराहना

व्यंजन मेले के सफल आयोजन के लिए उपस्थित समाजजनों ने जैन महिला परिषद की पहल की सराहना की। आयोजन ने न केवल मनोरंजन और खान-पान का अवसर उपलब्ध कराया, बल्कि समाज के लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने और मिल-जुलकर खुशियां साझा करने का अवसर भी दिया। मेले में उमड़ी भीड़ और लोगों के उत्साह ने आयोजन की सफलता की कहानी बयां की। प्रतिभागियों और आयोजकों के सामूहिक प्रयास से व्यंजन मेला यादगार बन गया।महिला परिषद की गरिमा बाकलीवाल, वैशाली कठनेरा, प्रिती सिंघई, रितु अजमेरा ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

नवरात्रि पर सजेगा भव्य पंडाल

नवदुर्गा उत्सव समिति ने ज्योति नगर में नवरात्रि गरबा की तैयारियां की



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

ज्योति नगर में आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर नवदुर्गा उत्सव समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि में गरबा महोत्सव के आयोजन और उसकी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय किया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता का भव्य पंडाल अलग स्वरुप में सजाया जाएगा। यहां 11 अक्टूबर को माता की स्थापना के पूर्व भव्य चल समारोह भी निकलेगा। समिति अध्यक्ष इंजी. नीतिन मालवीय ने बताया कि ज्योतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 100 बाय 100 के विशाल पंडाल में माता का दिव्य दरबार एवं गरबा पांडाल सजाया जाएगा। मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के लिए सुंदर और कलात्मक पंडाल का भूमिपूजन व निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। नवरात्रि के दौरान पारंपरिक और आधुनिक धुनों पर गरबा एवं डांडिया रास के आयोजन किए जाएंगे, जिसके लिए रिहर्सल की जा रही है। घट स्थापना के साथ ही प्रतिदिन मां दुर्गा की आराधना के साथ गरबा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 9 दिनों तक कॉलोनी की गरबा मंडली के साथ ही अन्य प्रदेश एवं जिलों की गरबा मंडलियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

प्रस्तुतियों में गरबों के साथ सनातनी संस्कृति एवं धर्म की महत्ता को बढ़ावा देने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि गरबा महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। इसके लिए स्वयंसेवकों की टीम बनाई जाएगी और आवश्यकतानुसार स्थानीय प्रशासन से भी सहयोग लिया जाएगा। पेयजल, स्वच्छता और प्राथमिक उपचार जैसी मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान देने का निर्णय किया गया। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। समिति प्रचार- प्रमुख दिलीप सोनी ने बताया इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द्र और उत्साह का वातावरण बनाना है। बैठक में समिति के सभी प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। समितियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। पंडाल सहित पहुंच मार्ग पर पर्याप्त रोशनी रखने और सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण के बाद कौवे को करते आमंत्रित

घर-आंगन में ढूंढे नहीं मिल रहे काग, सदियों से भोजन कराने की परंपरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण के बाद कौवे को भोजन कराने की परंपरा सदियों से चली आ रही है, लेकिन आंगन में काग ढूंढे नहीं मिल रहें हैं। निमाड़-अंचल में पर्यावरणीय-असंतुलन और अन्य कई कारणों से उनकी आबादी में कमी देखी जा रही है और वैज्ञानिक-आंकड़े भी कुछ ऐसा ही संकेत दे रहें हैं। फलस्वरूप कौवे को लेकर धार्मिक आस्था के साथ ही पर्यावरण-परिवर्तन भी प्रशासन और जनमानस के समक्ष चुनौती के रूप में मौजूद हैं। प्राचीन-काल से लेकर करीब एक-डेढ़ दशक पूर्व तक इन दिनों अपने पितरों का श्राद्ध और तर्पण के बाद परिजन काग का इन्तजार करते हुए दिखाई देते हैं। सेवा निवृत अधिकारी सत्यनारायण श्रीवास 86 वर्ष ने कहा कि पहले गांवों और शहरी क्षेत्रों में भी कौवों के झुंड और उनके शोरगुल के दृश्य आम थे,लेकिन वर्तमान हालातों में कई परिवार पितृ-पक्ष के अवसर पर चिंतित रहते हैं।

क्या कहते हैं धर्माचार्य

पंडित रमेशचंद्र शर्मा झिरन्या ने बताया कि काग के भोजन के बाद ही पितरों की आत्मा तृप्त होती है,जिससे बाद में परिजन भोजन ग्रहण करते हैं। वहीं,पंडित सुभाष-मांगीलाल तिवारी बिस्टान का मानना है कि आमतौर पर अपने पूर्वजों के प्रति आस्था में आई कमी से काग भोजन ग्रहण करने नहीं आते हैं, फिर भी परिजन भूखे रहकर अधिक इन्तजार नहीं करते हैं। गृहिणी हेमलता-मदन शर्मा 72 वर्ष ने बताया कि परिवर्तन के दौर में हिन्दू समाज में पूर्वजों के प्रति आस्था बढ़ी है और वे पितृ-पक्ष का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

पेड़ों की कमी और बदलता आवास

कौवा मानव बस्तियों के आसपास रहने वाला पक्षी है और पेड़ों पर घोंसला बनाता है। इसे लेकर अधिकारी संदीप शर्मा भीकनगांव का कहना है कि पुराने और बड़े पेड़ों की कमी और अधोसंरचना विकास के बुनियादी ढांचे में परिवर्तन से उनके आवास पर असर हो रहा है। जबकि स्टेट ऑफ़ इंडिया बर्ड्स की रिपोर्ट के अनुसार पारिस्थितिकी तंत्र का क्षरण, प्रदूषण, बीमारी और जलवायु परिवर्तन से पक्षियों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक हैं।

भोजन के स्रोत में भी परिवर्तन

कौवा भोजन के मामले में अत्यंत अनुकूलनशील पक्षी है। गांवों और कस्बों में पहले घरों के आसपास भोजन के अवशेष एवं जैविक कचरा आसानी से मिल जाता था। सेवा-निवृत वन अधिकारी राजेन्द्रसिंह सोलंकी खरगोन ने कहा कि अब कचरा प्रबंधन की व्यवस्था बदलने, प्लास्टिक कचरे के बढ़ने और खुले जैविक कचरे में कमी आने से उसके भोजन एवं जल-स्रोत में बदलाव आया है। जबकि उद्यानिकी अधिकारी ने बताया कि उद्यानिकी एवं कृषि क्षेत्र में कीटनाशकों का इस्तेमाल, कीटों की उपलब्धता में बदलाव और पर्यावरणीय दबाव से भी पशु-पक्षियों की कमी देखी जा रही है।

विज्ञान के दखल का भी असर

प्राचीन प्राकृतिक-वातावरण में विज्ञान के दखल ने भी कौओं और अन्य प्रजातियों के पक्षियों पर भी असर हुआ है। जिनमें मोबाइल टावर के चुम्बकीय-विकिरण और बिजली की लाइन आदि भी उनके जीवन-मृत्यु को प्रभावित करते हैं। इसे लेकर खरगोन जैसे बड़े ग्रामीण और आदिवासी बहुल जिले में सामान्य रूप से दिखाई देने वाले कौवों की कमी को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। जबकि पक्षी-विशेषज्ञों के सहयोग से वन विभाग पंचायतों, शिक्षण संस्थानों और प्रारंभिक सर्वे कराया जा सकता है। अंततः आस्था से शुरू हुआ कौवे का इंतजार अब पर्यावरण की निगरानी का सवाल भी बन गया है। जनपद पंचायत के पूर्व सदस्य अजीतपाल सिंह भाटिया ने बताया कि जिले में कौवों की आबादी को लेकर पृथक से कोई प्रमाणित आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, जिससे सर्वेक्षण की जरूरत है।